'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक : 236 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए सोमवार , 11 नवंबर , 2024 samachargate@gmail.com



# भाजपा का सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग: विपुल गोयल

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सदस्यता अभियान पूरे जोश के साथ चल रहा है, और इस अवसर पर अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करते हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने पार्टी कार्यकताओं से भाजपा के सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

विपुल गोयल ने 8800002024 पर मिस्ड कॉल देकर प्राप्त लिंक के माध्यम से अपनी जानकारी भरकर भाजपा सदस्यता का नवीनीकरण किया तथा भाजपा सदस्यता का प्राथमिक कार्ड प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्रदेश सदस्यता अभियान के सह-संयोजक गोपाल शर्मा, जिला संयोजक हुकमसिंह भाटी, सह-संयोजक अनीता शर्मा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, और आईटी संयोजक समीर टंडन समेत कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि भाजपा का लक्ष्य फरीदाबाद में 2.5 लाख नए सदस्य जोड़ने का है, जिसे पूरा करने के लिए सभी वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता पूरी लगन से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इस मौके पर एक रेफरल लिंक -- https://narendramodi.in/bjp-sadasyata2024/HAKRQD और दफकोड भी जारी किया और सभी को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री



नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जारी भाजपा सदस्यता अभियान का हिस्सा बनने का आह्वान किया।

भाजपा से जुड़ना गौरव की बातः विपुल गोयल

अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करते हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने भाजपा कार्यकताओं और हरियाणा के लोगों से अपील की कि वे इस दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी से जुड़ें और राष्ट्र निर्माण के इस अभियान को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा कि भाजपा, जिसका नारा "राष्ट्र प्रथम" है और जो एकात्म मानववाद के सिद्धांत को लेकर चलती है, भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है। इस दल का सदस्य बनना हर भारतीय के लिए गौरवकी बात है।

हरियाणा में 50 लाख सदस्यता का लक्ष्य

मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि पिछले दस वर्षों से भाजपा के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारों ने जो अभूतपूर्व कार्य किए हैं, उन्हीं के आधार पर हरियाणा में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि सदस्यता बढ़ने से पार्टी की शक्ति और जनाधार में इजाफा होगा, जो विकास का आधार बनेगा। जैसे-जैसे पार्टी मजबूत होगी, जनकल्याणकारी योजनाओं और जमीनी विकास को भी उतना ही बढ़ावा मिलेगा। फरीदाबाद में रिकॉर्ड सदस्यता संख्या का संकल्प

इस अवसर पर उपस्थित समस्त नेतृत्व ने हरियाणा, विशेषकर फरीदाबाद में रिकॉर्ड सदस्यता संख्या प्राप्त करने का संकल्प लिया। फरीदाबाद में 2.5 लाख सदस्यता का लक्ष्य जल्द से जल्द पूरा करने के लिए संकल्पित चर्चा भी की गई।

ज्ञात हो कि भाजपा का सदस्यता अभियान पूरे देशभर में जारी है, और अब तक 10 करोड़ से अधिक लोग पार्टी के सदस्य बन चुके हैं। हरियाणा में विधानसभा चुनावों के चलते सदस्यता अभियान थोड़ा विलंब से शुरू हुआ। प्रदेश में सदस्यता अभियान शुरू होने के पश्चात केंद्र द्वारा निर्धारित 50 लाख सदस्यता लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश नेतृत्व तय समय में 50 लाख से अधिक भाजपा सदस्यता करवाने को लेकर आश्वस्त है।

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर में तीन घंटे में दूसरा एनकाउंटर

#### पहला जबरवान और दूसरा किश्तवाड़ में, पैरा स्पेशल फोर्स के 3 जवान घायल

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर में रविवार सुबह महज 3 घंटे के अंदर 2 जगहों पर एनकाउंटर हुए। पहला श्रीनगर के जबरवान इलाके में और दूसरा किश्तवाड़ के छास में। किश्तवाड़ एनकाउंटर में पैरा स्पेशल फोर्स के 3 जवान घायल हो गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि किश्तवाड़ में कश्मीर टाइगर्स ग्रुप के आतंकवादी ही छिपे हैं, जिन लोगों ने 2 विलेज गार्ड की हत्या की थी। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच पिछले 18 घंटों के अंदर यह



तीसरी मुठभेड़ है। जबकि नवंबर महीने के 10 दिन में यह 8वां एनकाउंटर है। जिनमें अब तक कुल 8 आतंकी मारे गए हैं। इससे पहले बारामूला के सोपोर में 9 नवंबर की शाम को सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। 8 नवंबर को भी सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया था। रामपुर के जंगलों में भी एनकाउंटर जारी है। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि रविवार सुबह सुरक्षाबलों को जबरवान में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी।

### मंदिर पर हमले का मास्टरमाइंड निकला पन्नू का करीबी

#### गिरफ्तारी के बावजूद कनाडा सरकार की हो रही फजीहत

ओटावा (एजेंसी)। कनाडा के हिंदू मंदिर पर खालिस्तान समर्थकों द्वारा किए गए हमले के चलते ठंडे पड़े भारत कनाडा रिश्ते पिछले हफ्ते और ज्यादा खराब हो गए थे। कनाडा की लगातार होती फजीहत के बाद कनाडाई पुलिस हमलावरों के खिलाफ एक्शन ले रही है। खबरें हैं कि अब पुलिस ने अब इस केस में चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसका नाम इंदरजीत गोसाल है। हिंदू मंदिर में हमले



के मामले में गिरफ्तार गोसाल को खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू का करीबी और संदिग्ध हालत में मारे गए हरदीप सिंह निज्जर के साथ काम करने वाला बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ग्रेटर टोरंटो में हिंदू मंदिर पर हमले का प्लान इंदरजीत ने ही तैयार किया था। इस मामले में हैरानी की बात यह है कि खालिस्तान समर्थक गोसाल को गिरफ्तार तो किया गया लेकिन फिर कुछ समय बाद ही छोड़ दिया गया है। उसे कहा गया है कि वह कोर्ट में पेश हो। इंदरजीत गोसाल सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू का राइट हैंड माना जाता है।

# सैनिक पब्लिक स्कूल में लगा मेगा स्वास्थ्य शिविर 500 से ज्यादा लोगों ने उठाया लाभ







**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**बल्लभगढ़।** पूर्व केबिनेट मंत्री और विधायक पंड्ड मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। रविवार को विधायक श्री शर्मा पहले भारत सरकार के सहयोग से निशुल्क आयुर्वेदिक कैंप एवं दवाई वितरण समारोह आयुर्वेदिक कैंप एवं दवाई वितरण कार्यक्रम में पहुंचे। जनकल्याण सेवा न्यास के सौजन्य द्वारा सैनिक पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल ऊँचा गाँव बल्लभगढ़ के प्रांगण में आयोजित किया गया है, यह 25 वा मेघा हेल्थ कैंप। स्कूल के प्रिंसिपल उद्यम अधना ने बताया कि हमारे स्कूल में यह मेगा हेल्थ कैंप जो लगा है उसकी सफलता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं की वहां पर 500 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए हैं जो कि अपने आप में एक कीर्तिमान से कम नहीं है। हमारे स्कूल के स्टाफ का सहयोग भी अतुलनीय है जिन्होंने इतने सारे लोगों की मौजूदगी में बढ़िया व्यवस्था निभाई है।

जानकारी के लिए बता दें कि इस कैंप में ब्लड प्रेशर, शुगर, थायरॉइड ,जोड़ों का दर्द, अस्थमा, पेट की समस्या ,स्त्री रोग से संबंधित बीमारियों का इलाज भारत सरकार द्वारा किया जाएगा चेकअप और इलाज के साथ-साथ दवाइयां भी निःशुल्क दी गई।

इस मौके पर प्रमुख समाजसेवी व शिक्षाविद रेनू आर्य, उद्यम आधाना ,अमित गोयल प्रधान, गौरव शर्मा, प्रेम मदान, देवराज अरोड़ा, गणपत अरोड़ा, देवेंद्र गौड़,अमित चौधरी,राकेश गुर्जर,रमेश डागर,टेकचंद देशवाल सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पूर्व केबिनेट मंत्री और भाजपा विधायक मूलचंद शर्मा का शहर में अलग अलग स्थानों पर स्वागत किया ,सूबेदार कालोनी में स्थानीय निवासियों ने भी उनका शॉल भेंट कर जोश के साथ स्वागत किया।

# माई लॉर्ड ! मुझे बचाइए, मैं कोमा में जा सकता हूं

- कोर्ट में गिड़गिड़ाया यासीन मलिक, दिल्ली एचसी ने तिहाड़ से मांगी मेडिकल रिपोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाई कोर्ट ने कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक की याचिका पर नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों से कहा कि वो यासीन मलिक सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल में जरूरी चिकित्सा उपचार मुहैया कराए। जिनके भूख हड़ताल का दावा किया गया है। मलिक को टेरर फंडिंग से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। जस्टिस अनूप कुमार



मेंदीरत्ता ने उनकी मेडिकल देखभाल की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र, दिल्ली सरकार और तिहाड़ जेल अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए स्वास्थ्य स्थिति की रिपोर्ट भी मांगी। मलिक के वकील ने कोर्ट से कहा कि उनका मुवक्किल एक नवंबर से भूख हड़ताल पर है और उसे तत्काल हॉस्पिटल में भर्ती कराने की जरूरत है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने आदेश दिया कि याचिकाकर्ता के वकील द्वारा दिए गए तर्कों को ध्यान में रखते हुए, जेल अधीक्षक से याचिकाकर्ता की चिकित्सा स्थिति रिपोर्ट मंगवाई जाए। जेल अधीक्षक को यह सभी निर्देश दिए गए हैं।

# बीजेपी का विस्तार होने के साथ ही बढ़ रही बीमारियां

- नितिन गडकरी बोले-करना होगा कीटनाशकों का छिड़काव

नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने में महज कुछ ही दिन का समय बाकी है। इससे पहले केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बागियों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे फसल बढ़ती है, बीमारियां भी बढ़ती हैं। भारतीय जनता पार्टी के पास में बहुत सारी फसलें हैं, जो अच्छे अनाज के साथ-साथ कुछ बीमारियां भी लाती हैं, इसलिए हमें ऐसी बीमार फसलों पर कीटनाशकों का छिड़काव करना होगा। एक समाचार चैनल को दिए गए इंटरव्यू में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। अलग-अलग कारणों से नए लोग आ रहे हैं।



उन्हें ट्रेनिंग देना, विचारधारा के बार में बताना और कार्यकर्ता बनाना हमारी जिम्मेदारी है। हमारी कोशिश लगातार जारी है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि एक हजार कार्यकर्ता खड़े होते हैं, लेकिन कभी-कभी एक कार्यकर्ता कुछ कह देता है और उन हजार कार्यकर्ताओं की कोशिश खराब हो जाती है। जब नितिन गडकरी से इंटरव्यू में सवाल किया गया कि महाराष्ट्र में हार के बाद नड्डा और अमित शाह ने स्थानीय नेताओं के साथ कई सारी मीटिंग की तो वे इन मीटिंग में मौजूद नहीं थे।

# महाराष्ट्र चुनाव के लिए एमवीए का घोषणा पत्र, 5 गारंटी

- महिलाओं को 3 हजार रुपए महीना, बेरोजगारों को 4 हजार

मुंबई (एजेंसी)। महा विकास अघाड़ी ने रविवार को महाराष्ट्र चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया। एमवीए ने इसे 'महाराष्ट्रनामा' नाम दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र के विकास के लिए हमारे 5 स्तंभ हैं। महाराष्ट्र का विकास और प्रगति खेती, ग्रामीण विकास, उद्योग और रोजगार, शहरी विकास, पर्यावरण और जन कल्याण पर आधारित होगा। खड़गे ने कहा- हम 5 गारंटी दे रहे हैं और यह पूरे महाराष्ट्र के कल्याण के लिए होंगी। हम हर परिवार को सालाना 3 लाख रुपए की मदद करेंगे। महालक्ष्मी स्कीम महिलाओं को 3 हजार रुपए महीना देगी। महिलाओं के लिए बस सर्विस फ्री रहेगी। हम उन किसानों को 50 हजार रुपए देंगे, जिन्होंने अपना कर्ज वक्त पर चुकाया है। मेनिफेस्टो जारी करने के बाद खड़गे ने मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि राहुल गांधी समेत तमाम कांग्रेस नेताओं ने लाल किताब का इस्तेमाल केवल संदर्भ के लिए किया है। यह संपूर्ण संविधान नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- मोदी ने तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को भी ऐसी ही एक प्रति दी थी।

# महाराष्ट्र में मेनिफेस्टो का दिन गठबंधनों ने खोला 'पिटारा'

- भाजपा के संकल्प पत्र में किसानों की 'कर्जमाफी' का वादा
- सत्ता में आने पर महिलाओं को 2100 रुपए महीने की भी गारंटी

## शाह बोले-चुनाव बाद महायुति की पार्टियां मिलकर सीएम चुनेंगी



मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने रविवार को अपना घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) जारी किया। गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा पत्र को सार्वजनिक किया। डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि हमने 25 लाख नौकरियां देने, महाराष्ट्र के पूर्ण विकास, किसानों के लिए भावांतर योजना, कर्जमाफी, स्किल सेंटर्स और महिलाओं को 2100 रुपए देने का संकल्प लिया है। महाराष्ट्र की 288 सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना शिंदे-एनसीपी अजित पवार मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। इस गठबंधन को महायुति नाम दिया गया है। शाह ने कहा,भाजपा, अजित पवार और एकनाथ शिंदे की शिवसेना गठबंधन ने अपना-अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। अभी हमारे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हैं। चुनाव के बाद गठबंधन के तीनों सहयोगी मुख्यमंत्री पर फैसला लेंगे। अमित शाह ने कहा, महाराष्ट्र कई युगों से हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रहा है। भक्ति आंदोलन की शुरुआत भी महाराष्ट्र से हुई। गुलामी से मुक्ति का आंदोलन भी शिवाजी ने यहीं से किया। समाजिक क्रांति की शुरुआत यहीं से हुई।

# विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए बनें भाजपा के सदस्य: कृष्णपाल गुर्जर

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के तीन दिवसीय सघन सदस्यता अभियान के तहत केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भी अपनी सदस्यता का नवीनीकरण किया। उन्होंने लोगों से विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए भाजपा से जुड़ने की अपील की। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रधानमंत्री बनकर देश की बागडोर संभाली, तभी से देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। देश लगातार विकास की राह पर तेजी से बढ़े इसके लिए जनता भी लगातार भाजपा की सरकार बना रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में युवाओं, गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं का विकास कर उनको



सशक्त करने का कार्य किया है। देश को विकसित भारत और विश्वगुरु भारत बनाना है तो भाजपा पार्टी और भाजपा संगठन को लगातार मजबूत करना जरुरी है, ताकि देश में लगातार भाजपा की सरकार बने। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और लगातार अपने संगठन को मजबूत कर रही है। इसके लिए समय समय पार्टी संगठन द्वारा सदस्यता अभियान के जरिये लोगों को पार्टी के साथ जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना और पार्टी की विचारधारा के साथ लोगों को जोड़ना सदस्यता अभियान का मुख्य लक्ष्य है। केन्द्रीय राज्यमंत्री

भाजपा सदस्यता QR code

रेफरल कोड: DQJTAS

-- कृष्णपाल गुर्जर, केंद्रीय राज्यमंत्री, भारत सरकार

कृष्णपाल गुर्जर ने फरीदाबाद के सेक्टर 28 स्थित निवास स्थान पर 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर और प्राप्त लिंक के माध्यम से अपनी व्यक्तिगत जानकारी भर अपनी सदस्यता का नवीनीकरण किया और अपना प्राथमिक सदस्यता कार्ड प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रदेश सदस्यता अभियान के सह संयोजक गोपाल शर्मा, जिला सदस्यता अभियान के संयोजक हुकमसिंह भाटी, जिला सह संयोजक बिजेन्द्र नेहरा एवं अनीता शर्मा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, आईटी के जिला संयोजक समीर टंडन, सराय मंडल महामंत्री दीपक चोपड़ा आदि उपस्थित रहे। श्री गुर्जर ने कहा कि भाजपा ने फरीदाबाद लोकसभा के दोनों जिलों फरीदाबाद और पलवल में 2.5, 2.5 लाख यानि 5 लाख नए सदस्य बनाने का जो लक्ष्य रखा है उसके लिए पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता और कार्यकर्त्ता लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि हम इस लक्ष्य को पूर्ण करेंगे । इस अवसर पर श्री गुर्जर ने अपना रेफेरल कोड वाला लिंक https://narendramodi.in/bjp-sadasyata2024/DQJTASऔर सदस्यता अभियान के लिए रेफरल दफ कोड भी साँझा किया। श्री गुर्जर ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि सभी कार्यकर्त्ता फरीदाबाद लोकसभा के ज्यादा से ज्यादा लोगों को सदस्यता अभियान के साथ जोड़कर पार्टी का सदस्य बनायें और संगठन को मजबूत करें ।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान के प्रदेश सह संयोजक गोपाल शर्मा ने कहा कि हरियाणा में 50 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए जिला, विधानसभा, मंडल और शक्ति केंद्र स्तर पर कार्यशाला रखी गई हैं । सदस्यता अभियान को कैसे आगे बढ़ाया जाए, कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, विधायकों, पदाधिकारियों और कार्यकताओं को हर बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल और विधानसभा का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, मुझे पूरा विश्वास है कि पार्टी के कार्यकर्त्ता इस लक्ष्य को पूरा करेंगे।

# इंसान के कर्म ही तय करते हैं जीवन की दिशा और दशा: राव नरबीर

## राव नरबीर सिंह ने तिरूपति बालाजी विवाह उत्सव (कल्याणोत्सवम) में की शिरकत



### गुरूग्राम के सेक्टर 51 स्थित शिव मंदिर में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**गुरूग्राम।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि मानव जीवन में उसके कर्म ही उसके उत्थान और पतन का माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि कर्म ही हमारे जीवन की दिशा और दशा तय करता है। अतः हम सबको सदैव हानि पहुंचाने वाले कर्मो से दूरी रखते हुए अच्छे कर्मो का वरण करना चाहिए। राव नरबीर सिंह रविवार को गुरूग्राम के सेक्टर 51 स्थित शिव मंदिर में तिरूपति बालाजी विवाह उत्सव (कल्याणोत्सवम) कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राव नरबीर सिंह ने आयोजन में भगवान तिरूपति बालाजी की पूजा अर्चना कर व उनका आशीर्वाद लेने उपरान्त अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद जी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने विचारों पर नियंत्रण रखना चाहिए नही तो वे हमारे कर्म बन जाते हैं और अपने कर्मो पर नियंत्रण रखना चाहिए नहीं तो वे हमारा भाग्य बन जाएंगे। अंततः इंसान के कर्म से ही उसका भाग्य तय होता है।

**समाज में आपसी भाईचारा बढ़तो है**

उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता का निर्माण होता है। हमारे इन विभिन्न पर्व एवं त्योहारों के माध्यम से हमारी सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपरा की अविरल धारा निर्बाध गति से सदैव प्रवाहित होती रहे । इसके लिए इन्हें बढ़ावा देना चाहिए। राव नरबीर ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में भी एक संदेश जाता है। इसलिए ऐसे आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचना चाहिए। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कहा हम सभी को अपने व्यस्त जीवन में से कुछ समय धार्मिक और समाज सेवा के कार्यो के लिए निकालना चाहिए, जिससे हम और हमारी आने वाली पीढ़ियों का जीवन सफल हो सके। कैबिनेट मंत्री ने इस दौरान उक्त आयोजनों में युवाओं की भागीदारी पर भी बल दिया। **विष्णु व लक्ष्मी का कल्याण उत्सव हुआ**

उन्होंने कहा कि इन आयोजनों में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए

जिससे कि समाज को संगठित करने व संस्कृति के प्रचार प्रसार में सहयोग मिलता रहे। आयोजन में श्रीवेंकटेश्वर स्वामी तिरूपति बाला जी यानी भगवान विष्णु व लक्ष्मी का कल्याण उत्सव हुआ।

जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इससे पहले मंदिर के पुजारियों ने तिरूपति बाला जी की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की और भोग लगाया। कार्यक्रम में निगम पार्षद कुलदीप यादव व ब्रह्म यादव सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी व काफी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# प्राइवेट पार्ट पर नशे का इंजेक्शन लगाने से 22 वर्षीय युवक की मौत



**डबवाली।** डबवाली पुलिस जिले के मटदादू गांव में एक युवक की नशे से मौत हुई है। उसका शव घर में बने शौचालय से मिला। बताया जाता है कि मृतक ने गुप्तांग पर नशे का इंजेक्शन लगाया था। दर्द हुआ तो वह चिल्लाया। चीख सुनकर घर पर मौजूद उसका दादा शौचालय में गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना शुक्रवार देर शाम की बताई जाती है। शनिवार को स्वजन ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। इधर, ग्रामीणों का कहना है कि पिछले पांच माह में नशे के कारण गांव में तीसरी मौत हुई है। मेडिकल नशे का घोल बनाकर इंजेक्शन लगाया मृतक के चाचा ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले पता चला था कि 22 वर्षीय भतीजा नशा करता है। उन्होंने उसे बठिंडा के नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल करवाया था। करीब चार माह पूर्व गांव में आकर वह पुनः नशा करने लगा। शुक्रवार को वह गांव के एक युवक से खरीदकर नशे की गोलियां लाया। उस समय घर पर मृतक का दादा मौजूद था। दादा को चाय देने के बाद वह नशा करने के लिए शौचालय में चला गया। मेडिकल नशे का घोल बनाकर इंजेक्शन प्राइवेट पार्ट पर लगाया। शौचालय से उसके चीखने की आवाज आई। दादा मौका पर पहुंचा तो उसने पौत्र को मृत पाया।चाचा के अनुसार इंजेक्शन भी बरामद हुआ था। नशे के कारण रिश्ता नहीं हो रहा था ग्रामीण के अनुसार उसके तीन भतीजे हैं। मृतक तीनों में मझला था। बड़ा भतीजा विवाहित है। मृतक के लिए बहुत से रिश्ते आते थे, लेकिन गांव में सबको पता था कि वह नशा करता है, इसलिए रिश्ता सिरे नहीं चढ़ता था। परिवार मजदूरी करता है। सब कार्य करने के लिए गए थे इसलिए दादा निगरानी कर रहा था। तीन दोस्त, पांच माह में मर गए ग्रामीणों के अनुसार पांच माह में मरने वाले तीनों युवक दोस्त थे।

शव के पास इंजेक्शन बरामद सबसे पहले गांव के स्टेडियम में एक दोस्त का शव बरामद हुआ था। शव के पास इंजेक्शन, मेडिकल गोलियां बरामद हुई थी। लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं हुई। करीब तीन माह पूर्व श्मशान भूमि में दूसरे दोस्त का शव मिला था। उसकी मौत भी नशे के कारण हुई थी। दोनों दोस्तों की नशे के कारण मौत होने के बावजूद भी मृतक ने नशा करना नहीं छोड़ा था।

# सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर नहर में फेंका युवती का शव, तीन के खिलाफ दर्ज किया केस




**हिसार:** हिसार शहर की एक कॉलोनी में रहने वाली 20 वर्षीय युवती के साथ दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया और हत्या कर बालसमंद नहर में फेंक दिया। रविवार सुबह आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों और अन्य जनसंगठनों से जुड़े लोगों ने नागरिक अस्पताल में धरना दिया। चिकित्सकों के बोर्ड ने दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम किया, जिसमें डूबने से मौत की पुष्टि हुई। हालांकि परिजनों ने दो युवकों और एक युवती पर दुष्कर्म व हत्या के आरोप लगाते हुए शव उठाने से इन्कार कर दिया। अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने मृतका के भाई के बयान पर प्रवीन, सुमित और अंजलि के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, हत्या समेत अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नागरिक अस्पताल में धरने पर बैठे युवक ने बताया कि उसकी 20 वर्षीय बहन निजी ऑफिस में काम करती थी। 8 नवंबर सुबह आठ बजे घर से काम पर जाने के लिए निकली थी। रोजाना शाम 6 बजे तक वह घर आ जाती थी। 6 बजे घर नहीं पहुंचने पर मां ने बहन के पास फोन किया तो उसने बताया कि वह अंजलि के साथ है और पीएलए मार्केट में जा रही थी। उसके बाद बहन का फोन बंद आने लगा। इसके बाद उन्होंने अपने स्तर पर उसे ढूंढा लेकिन सुराग नहीं लगा।

**पुलिस ने नहीं की कार्रवाई**

युवक ने बताया कि बहन की काफी जगह तलाश करने के बाद रात को आजाद नगर थाना में शिकायत देने के लिए गए। थाने में मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने कहा कि यह मामला अर्बन एस्टेट थाने के अंतर्गत आता है। अर्बन एस्टेट थाने गए तो अर्बन एस्टेट पुलिस चौकी भेज दिया। अगले दिन सुबह दस बजे अर्बन एस्टेट पुलिस चौकी में शिकायत दी। पुलिस ने गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज की, लेकिन बहन को तलाशने का प्रयास नहीं किया। 9 नवंबर की रात आठ बजे बहन का शव बालसमंद नहर में मिलने की सूचना मिली।

**आरोपी प्रवीन डाल रहा था शादी का दबाव**

मृतका के भाई ने बताया कि प्रवीन बहन के साथ पढ़ता था और काफी समय से शादी का दबाव डाल रहा था। अंजलि साजिश के तहत बहन को पीएलए मार्केट ले गई। वहीं से प्रवीन और सुमित ने सामूहिक दुष्कर्म किया और हत्या कर शव नहर में फेंक दिया। आरोप है कि युवती के शरीर पर चोट और घसीटने के निशान हैं। वहीं भीम आर्मी के एडवोकेट संतलाल का कहना है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, शव नहीं उठाएंगे। सोमवार को नागरिक अस्पताल परिसर में बैठक उसमें आगे की रणनीति बनाई जाएगी। अर्बन एस्टेट थाने के इंचार्ज दलबीर ने बताया कि मृतका के परिजनों के बयान पर प्रवीन, सुमित और अंजलि के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, हत्या और अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। शव का चिकित्सकों के बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम करवाया है। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी करवाई गई है। मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं।

### राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा ने कानूनी प्रावधानों पर दिया व्याख्यान

**रेवाड़ी।** हरियाणा विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसारे शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय महिला कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने शिक्षकों व विद्यार्थियों को कानूनी रूप से जागरूक किया। सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस 9 नवंबर को देश भर में मनाया जा रहा है.इस दिवस को मनाने का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों के लोगों के लिए निः शुल्क, प्रवीण और कानूनी से-वाओं की पेशकश करना है.उन्होंने बताया कि समाज में फैल रही सामाजिक कुरीतियां राष्ट्र के विकास की अवरोधक हैं। ये सामाजिक विषमताएं तथा उनसे उत्पन्न कुरीतियां तब तक दूर नहीं की जा सकती जब तक कि हम उनके मूल कारणों तक नहीं पहुंच सकते। देश में अशिक्षा,



निर्धनता तथा बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करना होगा। शिक्षा का अभाव होने के कारण लोग अपनी भलाई को नहीं समझ पा रहे हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि "कानूनी सेवा दिवस" भारत के हर नागरिक को न्याय और समानता का अधिकार दिलाने की दिशा में एक मजबूत कदम है, जिससे कि देश में एक न्यायपूर्ण और सशक्त समाज का निर्माण हो सके.मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित वर्मा ने कहा कि किसी भी कानूनी सहायता के लिए महिलाएं ऑफिस के हेल्पलाइन नंबर 01274 220062 पर कॉल कर सकते हैं तथा कोई भी कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय हेल्पलाइन 15100 के बारे में भी बताया कि कोई व्यक्ति कहीं से भी इस हेल्पलाइन से सहायता प्राप्त कर सकता है.कार्यक्रम में जिला विधिक प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता विपिन राजोरा व विधिक सेवा प्राधिकरण के स्वयं विधिक सेवक दीपक सैनी भी उपस्थित रहे। अधिवक्ता विपिन ने कानूनी रूप से विद्यार्थियों को जागरूक किया तथा महिलाओं के अधिकारों के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं के कार्यस्थल पर होने वाले शोषण से बचाव वे शिकायत के बारे में भी जागरूक किया। विपिन राजोरा ने राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के बारे में भी बच्चों को बताया।

# बंद कमरे में फंदे पर लटकी मिली महिला, दो बच्चों का भी शव पड़ा मिला



**फरीदाबाद।** भूपानी थाने के अंतर्गत बदरपुर सैद गांव में एक महिला ने अपने कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। उसके दो बच्चे भी कमरे में मृत पड़े थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शव का पोस्टमार्टम करा स्वजन को सौंप दिया। महिला ने यह कदम क्यों उठाया, इस बारे में कुछ पता नहीं लग सका है। पुलिस जांच कर रही है। बदरपुर सैद गांव में रहने वाले राहुल ने बताया कि सुबह साढ़े नौ बजे वह ड्यूटी के लिए निकल गया था। घर पर उसका बैग छूट गया था, इसलिए दोपहर को इसे लेने वापस आया। बेडरूम का दरवाजा अंदर से बंद था। इसे खूब खटखटाया लेकिन कोई आवाज नहीं आई। उसने आसपास के लोगों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस आई। दरवाजा तोड़ा गया। अंदर देखा तो महिला रजनी ने अपनी चुन्नी से फंदा बनाकर पंखे से लटकी हुई है और तीन साल का बेटा रुद्र बेड पर और पांच साल की अंकिता जमीन पर मृत पड़ी थी।

**बिहार के लखीसराय का रहनेवाला था राहुल**

राहुल ने बताया कि सुबह तो ऐसी कोई बात नहीं थी। उसका पत्नी से कोई झगड़ा भी नहीं हुआ था। सब कुछ सामान्य था। राहुल बिहार के लखीसराय का रहने वाला था और कुछ साल पहले यहां आया था। वह एक कंपनी में काम करता था।

# आईजीयू और स्वदेशी शोध संस्थान के बीच एमओयू साइन

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी एवं स्वदेशी शोध संस्थान नई दिल्ली के बीच, शैक्षणिक गतिविधियों, संकायों के आदान-प्रदान, सम्मेलन, सेमिनार, अनुसंधान आदि में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन साइन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जे.पी. यादव एवं कुलसचिव प्रोफेसर तेज सिंह ने स्वदेशी शोध संस्थान नई दिल्ली से कंसलटेंट सुरेश गुप्ता की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया।कुलपति प्रोफेसर जे.पी. यादव ने कहा कि इस प्रकार



के एमओयू होने से विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों दोनों को शोध कार्यों को आधुनिक तकनीक के द्वारा सीखने का लाभ मिलेगा। एमओयू का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सकारात्मक कुशलता को निखारना है ताकि विद्यार्थी एवं शोधार्थी नई तकनीकी अनुसंधानों की प्रक्रियाओं को बार-ीकी से जान सकें। विश्वविद्यालय को विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के साथ जुड़ने पर हमें बहुत गर्व महसूस करना चाहिए।कुलसचिव प्रोफेसर तेज सिंह ने कहा कि इस एमओयू के द्वारा आईजीयू एवं स्वदेशी शोध संस्थान नई दिल्ली के शिक्षक आपस में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों एवं अनुसंधात्मक प्रक्रियाओं एवं सम्मेलन सेमिनार आदि में एक दूसरे का परस्पर सहयोग करते हुए सभी गतिविधियों का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

इस अवसर पर अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर मंजू परुथी, डॉक्टर रितु बजाज, प्रोफेसर सुनील यादव, श्री मोहित रेवड़ी उपस्थित रहे।

# टीकाकरण करता है हमारे जीवन को स्वस्थ और सुरक्षित डीएचएस डॉ. ब्रह्मदीप सिंह

## प्रत्येक वर्ष 10 नवंबर को मनाया जाता है विश्व टीकाकरण दिवस

**झज्जर।** निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा एवं सिविल सर्जन डॉ ब्रह्मदीप ने बताया कि 10 नवंबर विश्व टीकाकरण दिवस के रूप में बीमारियों की रोकथाम और स-ार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा में टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। टीकाकरण हमारे स्वास्थ्य की रक्षा करने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है।

**टीकाकरण क्यों महत्वपूर्ण है?**

टीकाकरण एक ढाल की तरह है जो हमारे शरीर को बीमारियों से बचाता है। जिस तरह हम अपने सिर की सुरक्षा के लिए बाइक चलाते समय हेलमेट पहनते हैं, उसी तरह टीके हमारे शरीर को बीमारियों से लड़ने के लिए तैयार करते हैं। टीकों ने कई संक्रामक बीमारियों को कम करने और यहां तक कि उन्हें खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उदाहरण के लिए, चेचक, जो कभी जानलेवा बीमारी थी, वैश्विक टीकाकरण प्रयासों की बदौलत पूरी तरह से खत्म हो गई है। इसी तरह, भारत सहित दुनिया के कई हिस्सों में पोलियो का उन्मूलन और टेटनस , गलघोंटू जैसी बीमारियों में काफी कमी आई है।

**टीकाकरण के लाभ:**

टीके न केवल उन लोगों की रक्षा करते हैं जिन्हें टीके लगाए जाते हैं, बल्कि उन लोगों की भी रक्षा करते हैं जिन्हें टीका नहीं लगाया जा सकता है, जैसे कि शिशु, बुजुर्ग और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले व्यक्ति। इस अवधारणा को झुंड प्रतिरक्षा (हर्ड इम्युनिटी) के रूप में जाना जाता है। जब आबादी के एक बड़े प्रतिशत को टीका लगाया जाता है, तो यह बीमारियों के प्रसार को रोकने में मदद करता है, जिससे पूरे समुदाय की रक्षा होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, टीकाकरण



हर साल 2-3 मिलियन लोगों की जान बचाता है। टीका लगवाकर, हम रोकथाम योग्य बीमारियों के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में योगदान देते हैं।टीकाकरण के माध्यम से बीमारियों को रोकने से स्वास्थ्य खर्च में काफी कमी आती है। बीमारियों का इलाज महंगा हो सकता है, और उन्हें पहले से ही रोककर, हम पैसे और संसाधन बचाते हैं। बच्चे स्वस्थ और टीके से रोके जा सकने वाली बीमारियों से मुक्त होकर बड़े होते हैं।

**विचारणीय प्रमुख टीके:**

1. बचपन के टीके : खसरा, कण्ठमाला, रूबेला डिप्थीरिया, टेटनस , पर्टुसिस (काली खांसी), काला पीलिया, निमोनिया, दिमागी बुखार, पोलियोमाइला-इटिस, रोटा वायरस दस्त, क्षयरोग(टी बी) आदि के लिए आवश्यक।

2. **वयस्क टीके : मौसमी फ्लू ,** टेटनस-डिप्थीरिया-पर्टुसिस (टीडीएपी) टीका, एच पी वी तथा शिंगल्स का टीका आदि

3. **यात्रा टीके :** अंतर्राष्ट्रीय यात्रा करने वालों के लिए आवश्यकः हेपेटाइटिस ए और बी के टीके, टाइफाइड वैक्सीन, पीत ज्वर का टीका आदि

वहक्क पोर्टल द्वारा अब तक झज्जर जिले में 7487 टीकाकरण सत्र लगाए गए हैं जिसमें 6956 गर्भवती महिलाओं, 29138 एक वर्ष तक के बच्चों, एक वर्ष से बड़े 10004 बच्चों तथा 118 वयस्कों को ऑनलाइन पोर्टल द्वारा राष्ट्रीय टीक-ाकरण अभियान से जोड़ा जा चुका है ' जिला टीकाकरण नोडल अधिकारी उप सिविल सर्जन डॉक्टर बसंत कुमार दुबे ने बताया कि विश्व भर में 10 नवंबर को टीकाकरण दिवस मनाया जाता है ताकि इस दिन आमजन को ज्यादा से ज्यादा ट-ीकाकरण के प्रति जागरूक किया जा सके आमतौर पर कई लोगों के नीचे रहते हैं एवं गलत

धारणाएँ बन जाती हैं जैसे

**टीकाकरण के बारे में मिथक और गलत धारणाएँ :**

मिथकः टीके ऑटिज्म का कारण बनते हैं।
तथ्यः कई अध्ययनों से पता चला है कि टीकों और ऑटिज्म के बीच कोई संबंध नहीं है।
मिथकः प्राकृतिक प्रतिरक्षा, वैक्सीन से प्राप्त प्रतिरक्षा से बेहतर है।
तथ्यः जबकि प्राकृतिक प्रतिरक्षा कुछ सुरक्षा प्रदान कर सकती है, वैक्सीन को बीमारी पैदा किए बिना मजबूत और सुरक्षित प्रतिरक्षा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। मिथकः टीकों में हानिकारक तत्व होते हैं।
तथ्यः टीकों की सुरक्षा और प्रभावकारिता के लिए उनका कठोर परीक्षण किया जाता है। टीकों में तत्व इतनी कम मात्रा में मौजूद होते हैं कि वे स्वास्थ्य के लिए कोई खतरा पैदा नहीं करते।

हम मिथकों को दूर करने में मदद कर सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं ताकि हर कोई टीकाकरण के लाभ के बारे समझना चाहिए,

सिविल सर्जन डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने आमजन को अपील करते हुए कहा कि हमें टीकाकरण जैसी सुविधाओं का फायदा लेना चाहिए ताकि हम स्वयं और अपने बच्चों को स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन दे सके

हमें टीकाकरण के बारे और उनसे होने वाली बीमारियों के बारे में दोस्तों, परिवार और सहकर्मियों से बात करें। टीका लगव-ाकर और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करके, हम सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य में योगदान करते हैं।

## विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2025 के तहत आवेदन आमंत्रितः डीसी

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारत सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में "राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार" की घोषणा की है। राष्ट्रीय पुरस्कार शोधकताओं, प्रौद्योगिकीविदों और नवप्रवर्तकों के उत्कृष्ट और प्रेरक वैज्ञानिक, तकनीकी और नवाचार योगदान को मान्यता प्रदान करता है। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार के विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों या टीम से राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (आरवीपी) के लिए नामांकन/आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुरस्कार निम्नलिखित चार श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगेः विज्ञान रत्न (वीआर) : विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जीवन काल की उपलब्धियों और योगदान को मान्यता देने के लिए अधिकतम तीन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। विज्ञान श्री (वीएस) : विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए अधिकतम 25 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। विज्ञान युवा : शांति स्वरूप भटनागर (वीवाई-एसएसबी) पुरस्कारः विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में असाधारण योगदान देने वाले युवा वैज्ञानिकों की प्रतिभा को पहचान दिलाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए अधिकतम 25 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। विज्ञान टीम (वीटी) पुरस्कार : तीन या अधिक वैज्ञानिकों/शोधकताओं/नवप्रवर्तकों की एक टीम को अधिकतम तीन पुरस्कार प्रदान किए जा सकते हैं, जिन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक टीम में काम करते हुए असाधारण योगदान दिया हो।. डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार निम्नलिखित 13 प्रक्षेत्र में दिए जाएंगे, जिनमें भौतिकी, रसायन विज्ञान, जैविक विज्ञान, गणित और कंप्यूटर विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान, चिकित्सा, इंजीनियरिंग विज्ञान, कृषि विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी, और अन्य शामिल हैं। पुरस्कारों के इस गुलदस्ते के लिए गृह मंत्रालय के पुरस्कार पोर्टल पर 17 नवंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। सामान्य दिशा निर्देश और राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार का विवरण, पुरस्कार पोर्टल पर उपलब्ध हैं। इस वर्ष पुरस्कारों का संचालन विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) द्वारा किया जा रहा है।पुरस्कारों की घोषणा 11 मई 2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर की जाएगी।

# कार्यकर्ता ही हमारी पूंजी और ताकत है: कृष्णपाल गुर्जर



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बडखल विधायक धनेश अदलखा द्वारा सूरजकुण्ड रोड़ स्थित डिलाइट फोरऐवर में कार्यकर्ता धन्यवाद समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर मौजूद थे। इस अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा,निर्वतमान महापौर सुमन बाला,पूर्व महापौर डॉ अत्तर सिंह,मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा व सतेन्द्र पांडे,निर्वतमान निगम पार्षद सतीश चंदीला,मनोज नासवा,सरदार जसवंत सिंह,धर्मबीर भड़ाना,पूर्व महिला जिलाध्यक्ष अनिता शर्मा,संदीप कौर,हरेन्द्र भड़ाना,बिन्दे भड़ाना,युवा मोर्चा अध्यक्ष शोभित अरोड़ा व पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आज का आयोजन उन तमाम कार्यकताओं जो यहां मौजूद है और वे जो किसी कारणवंश नही आ पाए उनका धन्यवाद करने के लिए है। क्योंकि इस जीत के लिए यदि कोई असली हकदार है तो वह बडखल विधानसभा का मेहनती कार्यकर्ता है। सारा श्रेय उन्हीं को जता है क्योंकि यह उन्हीं के परिश्रम का फल है जो धनेश अदलखा हमारे विधायक है। धनेश का वजूद जो बढ़ा है वो आपकी वजह से ही बढ़ा है। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सटटेबाजा को यदि किसी ने सबक सिखया है तो वह बडखल के मतदाताओं ने सिखाया है। सभी सटटेबाज भाजपा के कार्यकताओं को कोस रहे है। आपने जिस उम्मीद और अपेक्षाओं से धनेश को जिताया है वह सभी पूरी होगी,ऐसा मुझे विश्वास है। यहां नगर निगम के कई निर्वतमान पार्षद बैठे है और में भी कभी पार्षद रहा हू नगर निगम में जो काम किसी से नहीं हो सकता वह सिर्फ धनेश अदलखा कर सकता है। इसलिए मुझे मालूम है काम को लेकर कोई शिकायत आपको नहीं होगी। उन्होंन कार्यकाओं की सराहना करते हुए कहा कि आपने इतिहास रचा है लगातार तीसरी बार बडखल से विधायक और पूरे हरियाणा में भाजपा की सरकार बनाकर। इसलिए कार्यकर्ता ही हमारी पूंजी और ताकत है। में ह्रदय से तमाम बडखल के कार्यकताओं का आभार प्रकट करता हुं। आने वाले दिनों में एक नया फरीदाबाद जो भारत के मानचित्र पर अलग से दिखाई देगा। हम सब मिलकर जो मंच पर बैठे है,सामने बैठे है और जो हमारे से जुडे है बनाएगें। भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि देव तुल्य कार्यकताओं की बदौलत हमने विजया पाई जिन्होनें ना दिन देखा और ना रात सिर्फ कमल के फूल के लिए मेहनत करते रहे। इस मौके पर धनेश अदलखा ने कहा कि आपने हाल ही में हरियाणा विधानसभा के 5 अक्टूबर के चुनाव में जी तोड़ मेहनत की जिसका नतीजा यह हुआ कि में यहां से विधायक बना और 48 सीटों के साथ नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री बने।

हरियाणा की सरकार बनाने में दो जिलों फरीदाबाद और करनाल का बहुत बढ़ा योगदान है। आप सभी ने मुझमें जो विश्वास जताया है में आपसे वायदा करता हुं किसी भी विभाग जैसे नगर निगम,पीडब्लुडी,बिजली बोर्ड,हुडड से कार्यकताओं को कहीं भी निराश नहीं होना पड़ेगा।

## नशा मुक्ति फरीदाबाद कार्यक्रम के अंतर्गत निकाली गई मोटरसाइकिल रैली

### सहायक पुलिस उपायुक्त ओल्ड विनोद कुमार ने दिखाई हरी झंडी

**समाचार गेट/ सुमित गोयल**

**फरीदाबाद**-पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल क्हर, के निर्देशन व पुलिस उपायुक्त सेंट्रल उषा के मार्गदर्शन व सहायक पुलिस आयुक्त ओल्ड के नेतृत्व में थाना सेक्टर 17 और खेड़ी पुल क्षेत्र में मोटरसाइकिल रैली निकालकर लोगों को "नशा मुक्ति फरीदाबाद" कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आज एसीपी ओल्ड के नेतृत्व में "नशा मुक्त भारत", "नशा मुक्ति हरियाणा", "नशा मुक्ति फरीदाबाद" कार्यक्रम के तहत सेक्टर 16 से मोटरसाइकिलों पर एक रैली निकाली गई। जिसके माध्यम से लोगों को नशे



से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। यह रैली सेक्टर 16, 17 व खेड़ी पुल एरिया में निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया कि आधुनिक समय में नशा का प्रचलन बहुत बढ़ गया है। बच्चे तो कई प्रकार के नशा करने लगे हैं, जिनमें शराब, ड्रग्स और हेरोइन शामिल हैं। बच्चों का नशे में रहना गंभीर चिंता का विषय है। नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की सूचना हरियाणा पुलिस के टोल फ्री नंबर 9050891508 पर दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और इस नशीले पदार्थ के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गोपाष्टमी पर किया संकीर्तन का आयोजन



**समाचार गेट /सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़ :** श्री राधे मित्र मंडल बल्लभगढ़ द्वारा गोपाष्टमी पर्व पर बल्लभगढ़ के शिव मंदिर में संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें फरीदाबाद की सुप्रसिद्ध भजन गायिका राशि पाटनी ने अपने भजनों के माध्यम से भक्तजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर राशि पाटनी ने बताया कि हमें किस प्रकार अपनी गौमाता की सेवा करनी चाहिए व कैसे हम गौवंश को बचा सकते हैं। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल प्रधान मोहित कुमार गुप्ता, आर डब्लू ए के प्रधान सुमित गर्ग, खाटूश्याम मंडल के प्रधान राव धर्मेंद्र, हर्ष मंगला, राम अवतार मंगला, पारस अग्रवाल, नितिन मित्तल, विपिन जिन्दल, हरिओम गर्ग प्रशांत गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# साइबर पुलिस ने साइबर अपराध के 11 मुकदमों में 23 आरोपी किए गिरफ्तार, 284 शिकायतों का किया निस्तारण

**समाचार गेट/ ब्यूरो**

**फरीदाबाद**- पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल क्हर, के दिशा निर्देशन, पुलिस उपायुक्त साइबर अपराध उषा के मार्गदर्शन व एसीपी साइबर क्राइम अभिमन्यु के नेतृत्व फरीदाबाद के साइबर थाना की टीमों ने कार्रवाई करते हुए 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुष्पवक्ता ने बतलाया कि गिरफ्तार आरोपियों में अनुज, प्रताप, राहुल निवासी अलीगढ उत्तरप्रदेश, संजीव कुमार उर्फ टिट्टू निवासी मेरठ उत्तरप्रदेश, कृष्ण कुमार निवासी समयपुर बादली नोर्थ वेस्ट दिल्ली, अंशु निवासी कांसीराम कालोनी पनकी कानपुर उत्तरप्रदेश, गोविन्द कुमार उर्फ शिवम निवासी हरदोई उत्तरप्रदेश, प्रदीप पाल निवासी कानपुर उत्तरप्रदेश, मोहम्मद मुद्दसर रशीद निवासी पटकापुर कानपुर उत्तरप्रदेश, गौरव तिवारी उर्फ रवि निवासी गांव हिनोती जिला मैहर, सतना मध्यप्रदेश, गुरदीप सिमरन सिंह निवासी तिरूपति कालोनी नजदीक बैंक कालोनी , इटारसी, जिला हौसंगाबाद मध्यप्रदेश, अमीन खान पठान निवासी फतेहनगर उदयपुर राजस्थान, शोएब खान, संदीप पंवार, मुकुल गोस्वामी निवासी सिटी कोतवाली चित्तौड़गढ़ राजस्थान, सुमेर निवासी डींग मंडी सिरसा, अजय कुमार निवासी गांव गडिया शीलप जिला एटा उत्तरप्रदेश, शुभम कुमार, रमेश कुमार निवासी जिला सीकर राजस्थान, ओम प्रकाश निवासी सारण फरीदाबाद, भविष्य यादव मेहन्द्रगढ, हिमांशु, यश, अरस खान निवासी दिल्ली का नाम शामिल है। उन्होंने अधिक जानकारी देते बताया कि 11 मुकदमों को सुलझाते हुए 23 आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना ठक्ळ ने



04, साइबर थाना सेंट्रल ने 04 और साइबर थाना बल्लबगढ़ ने 03 मामले सुलझाए हैं। मामलों में 7500/- रुपये बरामद किए गए हैं, साथ ही 284 शिकायतों का निस्तारण करते हुए 298513/- रुपए बैंक खातों में सीज कराए गए हैं।

कस्टमर केयर फ्रॉड-

आजकल साइबर अपराधी गूगल सर्च इंजन की वेबसाइटों पर अपना प्राइवेट मोबाइल नंबर अपडेट कर देते हैं और जब कोई व्यक्ति गूगल पर सर्च करके नंबर को देखा है और उस नंबर पर संपर्क करता है तो वह फोन साइबर अपराधियों के पास जाता है और वह अपने आप को उस कंपनी का कस्टमर केयर अधिकारी बताता हैं जिस कंपनी के लिए वह व्यक्ति गूगल पर सर्च कर रहा था। साइबर अपराधी कस्टमर केयर के फर्जी अधिकारी बनकर बात करते हैं और निजी जानकारी प्राप्त कर लेते हैं और फिर साइबर ठगी को अंजाम देते हैं। आमजन से अनुरोध है कि जब भी आप किसी कंपनी के कस्टमर केयर का नंबर खोज रहे हैं तो आप कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर ही सर्च करें और इस प्रकार के किसी भी साइबर फ्रॉड का शिकार होने से बचें।

शेयर मार्किट इंवेस्मेंट फ्रॉड-

साइबर अपराधी सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से लोगों से संपर्क करते हैं और आमजन को शेयर मार्केट में पैसे लगाकर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देते हैं। पैसों के लालच में व्यक्ति उनकी बातों में आ जाता है और इसके बाद साइबर अपराधी इनसे शेयर मार्केट में पैसे इन्वेस्ट करवाते हैं। साइबर अपराधी पहले छोटी-छोटी राशि निवेश करवाते हैं और उसपर थोड़ा बहुत मुनाफा देते हैं जिससे उसे व्यक्ति को विश्वास हो जाता है कि यह है एक अच्छा इन्वेस्टमेंट प्लान है। इसके पश्चात साइबर अपराधी उससे और ज्यादा पैसे लगाने के लिए कहते हैं और आप अपनी सारी धनराशि इन साइबर अपराधियों द्वारा बताए गए तरीके से इन्वेस्ट करते हैं और जैसे ही साइबर अपराधियों तक पैसा पहुंचता है तो वह अपना नंबर बंद करके फरार हो जाते हैं और आप साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं। यदि आपके पास भी इस प्रकार का कोई मैसेज या फोन आता है और शेयर मार्केट में निवेश करके ज्यादा पैसे कमाने का लालच देता है तो वह साइबर अपराधी हो सकता है और आपको आर्थिक नुकसान पहुंचा सकता है। कहीं भी पैसे इन्वेस्ट करने से पहले अच्छे से जांच कर ले कि कहीं आप किसी साइबर अपराध का शिकार तो नहीं हो रहे हैं।

## घर से लापता 34 वर्षीय महिला को अपराध शाखा की टीम ने आगरा से किया तलाश

**समाचार गेट/सुमित गोयल**



**फरीदाबाद** -पुलिस उपायुक्त अपराध मकसूद अहमद के दिशा निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा डअळ की टीम ने घर से लापता महिला को आगरा से तलाश करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बतलाया कि थाना तिगांव में एक महिला के घर से बिना बताए निकल जाने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर मामला दर्ज कर महिला को तलाश की जा रही थी। इस संबंध में अपराध शाखा डअळ की टीम के द्वारा कार्रवाई करते हुए महिला का अपने गुप्त सूत्रों व तकनीकी माध्यमों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगरा का पता लगाया। महिला को पुलिस टीम द्वारा सरस्वती विहार आगरा से से कुशल बरामद कर फरीदाबाद लाया गया। महिला से पूछताछ में सामने आया कि वह किसी बात को लेकर पति के साथ नाराज थी। जिसको आगामी कार्रवाई के उपरांत परिजनों के हवाले किया गया। परिजनों के द्वारा पुलिस टीम का धन्यवाद किया गया।



**सौरभ गुप्ता जन्मदिन**

**11-11-24**

# खाटू श्याम जी की पूजा करने से मनोकामनाएं होती हैं पूर्ण : विधायक धनेश अदलखा

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बडखल विधायक धनेश अदलखा ने भाखड़ी गांव स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर और एनआईटी दशहरा मैदान में श्री श्याम जन्मोत्सव पर आयोजित जागरण में भाग लेकर खाटू श्याम जी के दरबार में माथा टेका। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा में मुख्य रूप से मौजूद थे। इस मौके पर विधायक धनेश अदलखा श्याम भक्तों के साथ खाटू जी के भजनों पर खूब नाचे। इस अवसर पर धनेश अदलखा ने कहा कि खाटू श्याम अर्थात जो हारे हुए और निराश लोगों को संबल प्रदान करता है।



खाटू श्याम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर है उनसे बड़े सिर्फ श्रीराम ही माने गए है। उन्होनें कहा कि श्याम बाबा, खाटू वाला श्याम, कलयुग का अवतार, दीनों का नाथ, खाटू नरेश आदि नामों से भी पुकारा जाता है. खाटू श्याम जी बाल अवस्था में वीर और बलशाली थे. उन्होंने युद्ध कला अपनी माता मोरवी और भगवान कृष्ण से सीखी थी। विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कहा था कि ह्राह्रबर्बरीक धरती पर तुम से बड़ा दानी न तो कोई हुआ है और न ही होगा। मां को दिए वचन के अनुसार, तुम हारने वाले का सहारा बनोगे। लोग तुम्हारे दरबार में आकर जो भी मांगें उन्हें मिलेगा। खाटू श्याम बाबा द्वापर या महाभारत काल के समय में बर्बरीक के रूप में जाने जाते थे। वे तीन बाण धारी शक्तिशाली योद्धा थे। वे पांडव पुत्र भीम के नाती और घटोत्कच के पुत्र थे। भारत में लाखों मंदिर हैं। हर मंदिर के बनने के पीछे कोई न कोई रहस्य छिपा हुआ है। ऐसा ही एक रहस्यमयी और चमत्कारिक मंदिर है राजस्थान के सीकर जिले में खाटू श्याम मंदिर जहां आज लाखों लोग न केवल खाटू बाबा को मानते हैं,

बल्कि हर मौके पर वहां भक्तों की भीड़ उमड़ती है। उन्होंने कहा कि जो लोग भगवान खाटू के दर्शन करते हैं, उनके जीवन की हर समस्या दूर हो जाती है। इस मौके पर सतिन्द्र फागना,महेश फागना,आदेश यादव,कविन्द्र चौधरी, पवन ढींगरा जतिन ललित कपूर के नाम मिनाक्षी प्रिया व महिला मंडल की महिलाओं सहित कई भक्त मौजूद थे।

# प्रदेश सरकार ने गौशालाओं के उत्थान के लिए धनराशि को बढ़ाकर किया 510 करोड़ : विपुल गोयल

## संपादकीय

## पिछड़े पाकिस्तान में जहर फैला रहा है भगोड़ा जाकिर नाइक


नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

विश्व के देश आपसी सहयोग से आर्थिक तरक्की कर रहे हैं, वहीं पड़ौसी देश पाकिस्तान कट्टरपन और दकियानूसी सोच के चलते रसातल में जा रहा है। पाकिस्तान को जरूरत है विश्वस्तरीय ऐसे विशेषज्ञों की जोकि विकास के सभी क्षेत्रों में दिशा दे सकें। इसके विपरीत पहले से ही बदहाली के कुए में गिरे पाकिस्तान को गहरे अंधकूप में धकेलने का काम कर रहा है कथित धर्म प्रचारक जाकिर नाइक। भारत में मोस्ट वांडेड अपराधी जाकिर नाइक लोगों को धर्म के नाम पर बेतुकी और बेबुनियाद जानकारी देकर ज्यादा जाहिल बनाने का प्रयास कर रहा है। पाकिस्तान पहले ही बर्बादी के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में जाकिर नाइक जैसा अपराधी उसे और धक्का लगा रहा है।

विश्व बैंक के मुताबिक पाकिस्तान में 40 प्रतिशत से ज्यादा आबादी गरीबी रेखा से नीचे रहती है। साल 2023 में पाकिस्तान में गरीबी दर 39 प्रतिशत हो गई थी। अर्थात एक साल के अंदर ही गरीबी दर 34.2 प्रतिशत से बढ़कर 39.4 प्रतिशत हो गई। इस वजह से, 1.25 करोड़ और लोगों को गरीबी रेखा से नीचे आना पड़ा था। इस तरह, अब पाकिस्तान में 9.5 करोड़ लोग गरीबी में जी रहे हैं। पाकिस्तान आईएमएफ का चौथा सबसे बड़ा कर्जदार है। पहले पाकिस्तान पांचवें नंबर पर था। पाकिस्तान जब से आजाद हुआ है, तब से आईएमएफ से मिलने वाला ये 23 बार कर्ज ले चुका है। 31 मार्च 2023 तक पाकिस्तान पर आईएमएफ का 7.4 अरब डॉलर का कर्जा था और पाकिस्तान आईएमएफ का पांचवां सबसे बड़ा कर्जदार था। नए तीन अरब डॉलर के कर्ज के साथ पाकिस्तान के ऊपर कुल 10.4 अरब डॉलर का कर्जा हो जाएगा। भारतीय करंसी में ये रकम 852.39 लाख करोड़ रुपये होती है। इस हिसाब से पाकिस्तान आईएमएफ का चौथा सबसे बड़ा कर्जदार बन जाएगा। मुल्ले-मौलवियों के इस देश में 5 से 16 साल की उम्र के करीब 2.53 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। इनमें से 1.88 करोड़ बच्चे ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। इन बच्चों में 53 प्रतिशत लड़कियां हैं। देश की इस बदहाली को दूर करने के लिए विश्व से विशेषज्ञों को आमंत्रित करने के बजाए पाकिस्तान की सरकार ने भारत के भगोड़े जाकिर नाइक को उपदेश देने के लिए देश का मेहमान बना कर बुलाया। कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में वांछित विवादास्पद इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक इस्लामाबाद, कराची और लाहौर में अपनी व्याख्यान श्रृंखला के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच पाकिस्तान में मौजूद है। पाकिस्तान में सरकार के शीर्ष नेताओं ने उनकी अगवानी की, जिसमें पाकिस्तान के प्रधान मंत्री के युवा कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मशहूद और धार्मिक मामलों के मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सैयद अता-उर-रहमान शामिल थे।

जाकिर नाइक अपने भड़काऊ भाषणों के लिए जाना जाता है और वर्तमान में भारत सरकार की राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा 2016 के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वांछित है। उस पर अपने नफरत भरे भाषण से लोगों को भड़काने का भी आरोप है। नाइक पीसटीवी नाम से एक चैनल चलाता है, जिसे उसके विवादास्पद स्वभाव के कारण भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका में प्रतिबंधित कर दिया गया है और इसके कारण उसे कनाडा और यूनाइटेड किंगडम में प्रवेश से भी वंचित कर दिया गया है। पाकिस्तान पहुंचे विवादास्पद इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक ने पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस पर अतिरिक्त सामान के लिए शुल्क माफ न करने को लेकर तीखा हमला किया। वह मलेशिया से पाकिस्तान यात्रा कर रहा था और एयरलाइन ने नाइक को केवल 50 प्रतिशत की छूट की पेशकश की। नाइक ने कहा कि उसके अपने देश में ऐसा कभी नहीं होता। उसने भारत की ओर इशारा करते हुए यह बात कही। इस्लामी उपदेशक की ये टिप्पणियां सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गईं। जहां कई यूजर्स ने जाकिर नाइक को ट्रोल किया और आलोचना की। यह इस्लामी उपदेशक 2016 में भारत से भागा हुआ है, जब बांग्लादेश में हुए आतंकवादी हमलों के बाद नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआइए) ने उसके खिलाफ मामला दर्ज किया था। एक हमलावर ने कबूल किया था कि वह नाइक के यूट्यूब पर दिए गए उपदेशों से प्रभावित था। तब से नाइक मलेशिया में रह रहा है, जहां वह अपना उपदेश और व्याख्यान देना जारी रखे हुए है। भारत ने उसके प्रत्यर्पण की मांग की है, लेकिन मलेशिया ने अब तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। केंद्र सरकार ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा है, उसकी इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन को बैन कर दिया और उनका पासपोर्ट रद्द कर दिया। इससे पहले 20 अगस्त को भारत की यात्रा पर आए मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा था कि अगर भगोड़े प्रचारक जाकिर नाइक से जुड़े मामले में पर्याप्त सबूत पेश किए जाते हैं तो देश आतंकवाद को बढ़ावा नहीं देगा। भारत से फरार होने के बाद जाकिर मलेशिया में रह रहा है।

शरिया हुकूमत की बातें करने वाला जाकिर नाइक एक कार्यक्रम में अचानक भड़क गया। इस्लामाबाद में अनाथ बच्चों के लिए चैरिटी कार्यक्रम में जब अवॉर्ड देने का मौका आया तो जाकिर नाइक तिलमिला गया। पाकिस्तान स्वीट होम का कार्यक्रम था और स्टेज पर जाकिर आया तो उसने अनाथ बच्चों को अवॉर्ड देने से मना कर दिया। जाकिर ने कहा कि ये लड़कियां ना-महरम हैं और इसलिए वह अवॉर्ड नहीं देगा। ना-महरम का मतलब एक तरह की अज्ञात पहचान, अनजान, पराया होता है। नाइक की इस हरकत से पाकिस्तान के जागरुक लोगों ने उसके खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया जताई। इस कार्यक्रम से कुछ घंटे पहले उसने पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से गुफ्तगू की। शरीफ ने नाइक के इस्लामिक ज्ञान की तारीफ की और कहा कि वह व्यावहारिक और प्रभावशाली हैं। पाकिस्तानी चर्च सिनड (धर्मसभा) के अध्यक्ष बिशप रेव. डॉ. आजाद मार्शल ने राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को हाल ही में लिखे पत्र में डॉ. जाकिर नाइक की यात्रा के दौरान ईसाई समुदाय और उनकी आस्था के बारे में की गई टिप्पणियों के बारे में अपनी चिंता जाहिर की। उन्होंने पत्र में सरकार द्वारा नाइक की टिप्पणियों को लेकर खेद व्यक्त न करने की आलोचना भी की। बिशप ने कहा कि नाइक ने खुले तौर पर हमारे विश्वास की प्रामाणिकता पर सवाल उठाया, हमारे पवित्र ग्रंथों को बदनाम किया और ऐसे बयान दिए जो ईसाई पादरियों और विद्वानों की मान्यताओं को कमजोर करते हैं। इसी तरह जाकिर ने औरतों की बेइज्जती करने में कसर नहीं छोड़ी। एक कार्यक्रम में नाइक ने कहा कि अविवाहित औरतें बाजारू होती हैं। इस टिप्पणी के बाद पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर खूब हंगामा हुआ।

पाकिस्तान में लोगों को शरीयत और इस्लाम का पाठ पढ़ाने वाले मुल्ले-मौलवियों की कमी नहीं है। इनका दखल शासन-प्रशासन तक है। पाकिस्तान में विज्ञान, टेक्नोलॉजी और आधुनिक सोच का आज भी अभाव बना हुआ है। पाकिस्तान की अवाम, घरेलू आतंकवाद, गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी से जूझ रही है। पाकिस्तान के लोगों की आपराधिक हरकतों के कारण सऊदी अरब और यूएई जैसे इस्लामिक देश वीजा पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। कट्टरता का प्रचार-प्रसार कर रहे जाकिर नाइक ने इन तमाम मुद्दों पर एक लाइन की प्रतिक्रिया तक व्यक्त नहीं की। उसके धार्मिक भाषण लोगों के जले पर नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं। लाचार और पिछड़ेपन की शिकार पाकिस्तान की जनता जाकिर जैसे ढोंगी लोगों का जब तक बहिष्कार नहीं करेगी तब तक पाकिस्तान हालात सुधर नहीं सकते।

### – गौ रक्षा के लिए सरकार कर रही है प्रतिबद्धता से कार्य

(अनिल मोहनियां नूंह)

प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि जबसे भाजपा की सरकार देश तथा प्रदेश में आई है तब से 300 करोड़ की धनराशि जो कि गौशालाओं के उत्थान हेतु दी जाती थी, उसे बढ़ा कर अब 510 करोड़ किया जा चुका है। विपुल गोयल कामधेनु आरोग्य संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में सड़कों पर घूमने वाली गायों को बचाने के लिए सरकार ने कदम उठाए हैं। उन लोगों पर भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी जो दूध निकालने के बाद गायों को सड़कों पर भटकने कि लिए छोड़ देते हैं। सरकार गौ रक्षा कि लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही



है। उन्होंने आश्वासन दिया कि गायों के सड़कों पर घूमने की समस्या का निवारण जल्द हो जाएगा। गौ माता पर हाथ फेरने मात्र से ही मनुष्य की आधी बीमारियां दुर हो दाती हैं । इसीलिए हमें गौ माता की पूजा करनी चाहिए तथा सभी को अपने घरों में गाय पालनी चाहिए ।

विपुल गोयल ने कहा कि भारत की पूजा पद्धति तथा सभी त्योहारों में गौ माता का विशेष महत्व है जिसे हमें निरन्तर इसी प्रकार आगे बढ़ाते रहना है । गौशालाओं में 510 करोड रुपए की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सहमति दी है और गौ सेवा आयोग ने संकल्प लिया है कि गोभक्त और सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा गौमाताओं की सेवा करेंगे ।

इस अवसर पर पूर्व आई.पी.एस यशपाल सिंघल,कामधेनु आरोग्य संस्थान की अध्यक्षा शशि गुप्ता, डॉ. डी.पी. गोयल ने डॉ. एस.पी. गुप्ता , संजीव कृष्ण ठाकुर , पूर्व डी.जी. योगेश चन्द्र मोदी पूर्व आई.पी.एस,हरियाणा हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष औरंगजेब खान श्रीमती आशा , विष्णु भगवान, महावीर भारद्वाज,गौभक्त आचार्य मनीष शर्मा, दिनेश गुप्ता, नवीन झा दिल्ली, राजेन्द्र सिंह गुरुग्राम, तेजपाल बिस्सर, कृष्ण कुमार बिस्सर,आयुष गुप्ता, दीपक के आर गुप्ता, सुनील कुमार गर्ग, नीलम वर्मा, सी.ए. दिनेश गोयल व देश के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सदस्यता अभियान नूहं के जिला प्रमुख जाहिद हुसैन की अध्यक्षता में दिलाई गई लोगो को भाजपा की सदस्यता

(अनिल मोहनियां नूंह)

नूहं जिला के गांव बाई, ऊंटका, मुरादाबास व बड़का अलीमुद्दीन में सदस्यता अभियान चलाया, जिला सयोंजक जाहिद हुसैन की अध्यक्षता में भाजपा का सर्वव्यापी संगठन पर्व सदस्यता अभियान चलाया गया । इस अभियान के तहत पूरे भारत में 9 करोड़ तथा नूह जिले में ढाई लाख लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है तथा हर बूथ पर 250 लोगो को पार्टी का सदस्य बना कर इस अभियान को पूर्ण किया जाएगा। इसमें सभी ग्राम वासियों को मोबाइल फोन से मिस कॉल के माध्यम से सदस्यता दिलाई गई जिसमें जाहिद



हुसैन ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी आपको बता दें कि सरकार की नेक नीति और बिना खर्ची पर्ची वाली भाजपा सरकार की सदस्यता लेने के लिए जिले का हर नौजवान तैयार है और पूरे उत्साह के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।जाहिद हुसैन ने बताया कि अब तक नुह जिले में लगभग 25000 सदस्य बन चुके हैं उन्होंने कहा कि जल्दी ही जिले में ढाई लाख सदस्य बनाकर लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा

उन्होंने आगे बताया कि मुख्यमंत्री जी द्वारा चलाए गए तीन दिवसीय विशेष सदस्यता अभियान को लेकर आज बाई, ऊंटका, मुरादाबाद व बड़का अलीमुद्दीन में पहुंचकर लोगों को 8800002024 पर मिस कॉल लगवाकर भाजपा के सदस्यता ग्रहण कराई है।

## ह्दय एवं नेत्र रोग जांच शिविर में 92 जरूरतमंद व्यक्तियों ने लिया स्वास्थ्य लाभ



कनीना सुनील दीक्षित

कनीना मंडी में स्थित लाला शिवलाल की धर्मशाला में रविवार को सेवा भारती संस्था की ओर से 80वें ह्दयरोग एवं नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 92 जरूरतमंद व्यक्तियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में रेवाडी में संचालित निजी अस्पताल के चिकित्सकों डॉ अश्वनी यादव, धनराज, सुमित,राजेश, पूजा तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ रामपाल यादव, गोपाल अग्रवाल, नवीन यादव,पूजा की टीम ने मरीजों की जांच कर दवा वितरित की। शिविर में बीपी,शुगर व ईसीजी के टेस्ट करने के साथ-साथ मरीजों को परामर्श दिया गया। शिवकुमार अग्रवाल ने बताया कि संस्था की ओर से प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें अब तक हजारों जरूरतमंद व्यक्ति स्वास्थ लाभ ले चुके हैं। इस मौके पर सुरेश शर्मा, योगेश अग्रवाल, श्याम सुदंर, सोमदत्त, दिनेश,यादराम, अमित, जगदीश गुप्ता उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों के सामने आ रही पढाई सम्बंधी समस्याओं के समाधान के लिए कारगर है अध्यापक-अभिभावक बैठक:जगदेव यादव

### –एसडी विद्यालय ककराला में आयोजित की गई पीटीएम

कनीना सुनील दीक्षित

एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में रविवार को अध्यापक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 736 अभिभावकों ने हिस्सा लिया। इन अभिभावकों ने विद्यार्थियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी एवं अध्यापक-अभिभावक बैठक के महत्व को समझने का परिचय दिया। विद्यार्थियों के भविष्य के लिए विद्यालय प्रबंधन व सभी संबंधित अध्यापकों के साथ अध्ययन संबंधी समस्याओं के समाधान, शैक्षिक,खेलकूद की उपलब्धियों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों व विषयों पर विमर्श किया गया। अभिभावकों ने अपने बच्चों की दिनचर्या, उनके व्यवहार, पढाई की समय-सारिणी, रुचि आदि से संबंधित पहलुओं से प्रबंधन व संबंधित अध्यापकों से परिचित करवाकर उनकी प्रगति रिपोर्ट लेने में काफी रुचि दिखाई।



विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने अध्यापक-अभिभावक बैठक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बैठक जागरुक अभिभावकों के लिए अध्यापकों से समय-समय विचार विमर्श करने व बच्चों के लिए सही मार्ग का चुनाव व सहयोग का आधार है। जिस प्रकार तीन .भुजाएं मिलकर त्रिभुज का आकार बनाती है उसी प्रकार अभिभावकों के सहयोग से बच्चे बड़े से बड़े लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि यह बैठक शैक्षिक जानकारी के साथ-साथ व्यवहार, सामर्थ्यता से संबंधित बातों के आदान-प्रदान के लिए आयोजित की जाती है। अध्यापक एवं अभिभावकों का विचार-विमर्श छात्र के जीवन को नई दिशा प्रदान करने के साथ-साथ उनके बीच की दुरी को कम करता है।

बच्चे के शैक्षणिक विकास में विद्यालय के साथ-साथ अभिभावक की भी अहम् भूमिका होती है। उन्होंने सभी अभिभावकों का धन्यवाद कर बैठक का समापन किया। इस मौके पर प्राचार्य औमप्रकाश, सीईओ आरएस यादव, वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र सिंह, पूर्ण सिंह, संजय कुमार उपस्थित थे।

## कनीना में आरओबी निर्माण के चलते लिंक सडक मार्ग टूटने से वाहन चालक परेशान



### –गुढा रेलवे क्रासिंग फाटक से बस स्टैंड सडक मार्ग टूटा

कनीना सुनील दीक्षित

गुढा से कनीना-महेंद्रगढ स्टेट हाईवे 24 को लिंक करने वाला रोड टूटने से सडक हादसों को बढावा मिल रहा है। रेलवे क्रासिंग फाटक गुढा से बस स्टैंड जाने वाले 12 फुट चैडे मार्ग में गड्ढे होने तथा रोड की दोनों साइड कटने से वाहन चालक परेशान हैं। कनीना में कनीना-अटेली मार्ग स्थित रेवाडी-बीकानेर रेलवे लाईन पर कछुआ गति से हो रहे आरओबी का निर्माण कार्य किए जाने के चलते लिंक सडक मार्गों पर वाहनों का दबाव बढ गया है। निर्माण कार्य के चलते इस मार्ग को सडक यातायात के लिए बंद किया गया है। जिसके चलते वाहन चालक गुढा,चेलावास, कोका, संदरह, नांगल मोहनपुर तथा ककराला, रामबास, कनीना होकर गुजर रहे हैं। गुढा में 12 फुट चैडे इस मार्ग से गुजरने वाले भारी वाहनों द्वारा साईड लेना भी खतरे से खाली नहीं है। ग्रामीणों ने इस मार्ग को तत्काल 18 फुट अपग्रेड कर स्पेशल रिपेयर की मांग की है। इसी प्रकार ककराला से चेलावास आनाज मंडी तक रोड टूटा हुआ है जहां से रेंगकर वाहन गुजर रहे हैं।

दूसरी ओर कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग पर उन्हाणी के समीप से गुजर रही रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साईफन के स्थान पर लगाई गई उंची-नीची सीसी टाइलों से हादसों का अंदेश बन रहा है। बीते समय इस स्थान पर अनेकों सडक हादसे घटित हो चुके हैं।

जिला प्रशासन की ओर से रोड सेफ्टी को लेकर ध्यान नहीं दिए जाने से आमजन की जान जोखिम में है।

## राज्यमंत्री राजेश नागर ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। आमजन की मूलभूत सुविधाओं के लिए होने वाले विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। हरियाणा सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति राज्यमंत्री राजेश नागर ने आज करीब 77.33 लाख की लागत से तिलपत विनय नगर और सेहतपुर भट्ठा कॉलोनी में बनने वाली सड़कों के निर्माण कार्य का बुजुर्ग के हाथों नारियल फुड़वाकर कर उद्घाटन किया। स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री राजेश नागर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की वर्तमान केंद्र व हरियाणा सरकार लोगों का



चहुमुखी एवं सवांर्गीण विकास करने में जुटी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबका साथ - सबका विकास जैसी अनूठी सोच तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में विकास की बयार बह रही है। उन्होंने कहा कि बड़े लम्बे समय से क्षेत्र के लोगों की लम्बित मांग के पूरा हो जाने से आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों लोगों की यातायात की सुविधा सुगम होगी। उन्होंने कहा कि मजबूत सरंचनात्मक ढांचा हमारे विकास की अहम कड़ी होता है। श्री नागर ने कहा कि वे अपने क्षेत्र के चहुंमुखी विकास कार्यों को करवाने के लिए प्रयासरत हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास करने में जुटी हुई है। हम अंत्योदय यानि अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर मणिकांत मिश्रा, लाल मिश्रा, शीशराम अवाना, मनोहर लाल, ओरेम मौर्य, श्रवण लाल, एएसवी लाइव कुश, अजीत ठाकुर, मिथलेश झा, रमेश प्रधान, जीतेन्द्र झा, बासुदेव भारद्वाज, प्रवेश शर्मा, ओमदत्त, भूपिंदर शर्मा, शीशराम अवाना सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



# हंटर की शूटिंग के दौरान घायल हुए सुनील शेट्टी

अभिनेता सुनील शेट्टी अपनी आगामी सीरीज हंटर के सेट पर घायल हो गए। वह अपने शूट के दौरान स्टंट कर रहे थे। इस दौरान उनकी पसलियों में चोट लग गई। हालांकि, खुद सुनील शेट्टी ने अपनी हालत की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि गंभीर चोट नहीं लगी है, मैं बिल्कुल ठीक हूं।

## स्टंट करते समय घायल हो गए अभिनेता

खबर आई कि हंटर के लिए स्टंट खुद करने के लिए मशहूर शेट्टी चार से पांच स्टंट कलाकारों के साथ एक हाई-इंटेंसिटी फाइट सीन कर रहे थे, तभी एक दुर्घटना हुई। इस सीन में लकड़ी के लॉग को सहारा के तौर पर इस्तेमाल किया गया था, लेकिन गलत समय पर हरकत के कारण लॉग गलती से अभिनेता की पसलियों में जा लगा। इसी घटना में सुनील शेट्टी

## अभिनेता को आई है गंभीर चोट

बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी को इस दौरान गंभीर चोट आई है। रिपोर्ट के अनुसार, एक सूत्र ने बताया, सुनील गंभीर रूप से घायल हैं। चोट का आकलन करने के लिए डॉक्टर और एक्स-रे मशीन को सेट पर बुलाया गया है। शेट्टी को अभी बहुत दर्द हो रहा है। मुंबई में जो शूटिंग हो रही थी, उसे अब रोक दिया गया है।

## सुनील शेट्टी ने दी अपनी हालत की जानकारी

सुनील शेट्टी ने लिखा, मामूली चोट, कोई गंभीर बात नहीं! मैं बिल्कुल ठीक हूं और अगले शॉट के लिए तैयार हूं। सभी के प्यार और देखभाल के लिए आभारी हूं। वेब सीरीज के सेट पर मामूली चोट लगी है, उन्होंने उन खबरों को खारिज कर दिया कि उन्हें गंभीर चोट लगी है।

## वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगे अभिनेता

सुनील शेट्टी अगली बार वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगे, जिसमें अक्षय कुमार, दिशा पटानी, परेश रावल, जैकलीन फर्नांडीज, लारा दत्ता, रवीना टंडन, अरशद वारसी और श्रेयस तलपड़े भी नजर आएंगे। हाल ही में आफताब शिवदासानी भी फिल्म की कास्ट में शामिल हुए। अहमद खान द्वारा निर्देशित यह फिल्म सिनेमाघरों में क्रिसमस से पहले 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# बाहुबली से पहले भी अनुष्का ने दीं हिट फिल्में

**हिंदी पट्टी में अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी को अधिकतर लोग बाहुबली (2015) फिल्म के माध्यम से पहचानते हैं। जबकि वह तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा की फिल्मों में लंबे समय से अभिनय कर रही हैं। उन्होंने दक्षिण भारत के लगभग सभी बड़े अभिनेताओं के साथ फिल्मों में काम किया है। इसके अलावा कुछ महिला प्रधान फिल्मों का भी वह हिस्सा रहीं, उन्होंने अपने दम पर इन फिल्मों को हिट करवाया। बाहुबली से पहले की उनकी कुछ खास फिल्मों पर एक नजर।**

### सुपर

अपने करियर की शुरुआत अनुष्का शेट्टी ने तेलुगु फिल्म सुपर (2005) से की। अपनी पहली ही फिल्म में उन्हें नागार्जुन जैसे बड़े स्टार के साथ काम करने का मौका मिला। इस फिल्म में हीरोइन के लीड रोल में आयशा टाकिया रहीं, लेकिन अनुष्का का रोल भी बड़ा और अहम रहा। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई की, लेकिन फिल्म के कारण अनुष्का शेट्टी के लिए साउथ फिल्म इंडस्ट्री में आगे के दरवाजे खुल गए। अगले साल उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड साउथ में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के लिए चुना भी गया।

### शौर्यम

साल 2008 में रिलीज हुई तेलुगु फिल्म शौर्यम में अनुष्का शेट्टी ने हिट स्टार गोपीचंद के साथ रोमांस किया। इस फिल्म में भी उनका काम काफी पसंद किया गया। इस फिल्म को उस साल की मास एंटरटेनर कहा गया। फिल्म की सफलता में अनुष्का शेट्टी का भी पूरा योगदान रहा।

### अरुंधति

करियर की शुरुआत से लेकर साल 2008 तक अनुष्का शेट्टी ने साउथ के बड़े हीरो के साथ काम किया, इसलिए जो फिल्में हिट हुई, उसमें हीरो फैक्टर ने अधिक काम किया। लेकिन साल 2009 में तेलुगु फिल्म अरुंधति के जरिए अनुष्का ने साबित कर दिया कि वह अपने दम पर भी फिल्म हिट करा सकती है। यह हॉरर फैंटेसी फिल्म उनके किरदार के ईद-गिर्द ही बुनी गई। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया और अरुंधति उस साल की सारे रिकॉर्ड तोड़ने वाली हिट तेलुगु फिल्म बनी।

### वेदम

2010 में अनुष्का शेट्टी ने अभिनेता अल्लू अर्जुन के साथ फिल्म वेदम में अभिनय किया। इस फिल्म में उन्होंने एक वेश्या की भूमिका निभाई, जो कि इस दलदल से बाहर निकलने की कोशिश करती है। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर औसत सफलता मिली, लेकिन अनुष्का शेट्टी के काम को खूब सराहा गया।

### डमरुकम-मिर्ची

साल 2012 में अनुष्का शेट्टी ने फिर से नागार्जुन के साथ फिल्म डमरुकम की। इस फिल्म में दर्शकों ने अनुष्का और नागार्जुन की जोड़ी को पसंद किया, फिल्म ने भी औसत कमाई बॉक्स ऑफिस पर की। प्रभास के साथ फिल्म बाहुबली से पहले साल 2013 में अनुष्का शेट्टी ने फिल्म मिर्ची में रोमांस किया। यह फिल्म उस साल सबसे अधिक कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म बनीं। इस फिल्म की सफलता के बाद ही कई निर्माता, निर्देशक अनुष्का और प्रभास को लेकर फिल्म बनाने की योजना तैयार करने लगे। मिर्ची के बाद अनुष्का ने कई और फिल्मों में भी काम किया जिसमें सिंघम, लिंगा जैसी बड़ी फिल्में शामिल रहीं। वहीं बाहुबली रिलीज होने के बाद अनुष्का ने साइज जीरो, रुद्रमां देवी जैसी वूमेन सेंट्रिक फिल्में भी कीं।

### घाटी में होगा चुनौतीपूर्ण किरदार

घाटी नाम की एक तेलुगु फिल्म में अनुष्का काम कर रही हैं, इस फिल्म का पोस्टर हाल ही में रिलीज किया गया है। इसमें उनका लुक बहुत ही अलग नजर आ रहा है। दर्शकों को उम्मीद है कि इस फिल्म में भी अनुष्का शेट्टी उम्दा अभिनय करेंगी।



# लोकेश कनगराज ने बताया अपने सिनेमैटिक यूनिवर्स का भविष्य, इस फिल्म के साथ हो जाएगा अंत

साउथ के मशहूर और लोकप्रिय निर्देशक लोकेश कनगराज ने अपने करियर में कई सुपरहिट फिल्मों का निर्देशन किया है। अपनी फिल्मों में कमल हासन, कार्ति, विजय दलपति जैसे अभिनेताओं को निर्देशित करने वाले निर्देशक की फिल्मों को लेकर फैंस काफी उत्साहित रहते हैं। लोकेश ने अपनी फिल्मों का एक अलग ही यूनिवर्स बनाया है, जिसे एलसीयू यानी लोकेश कनगराज सिनेमैटिक यूनिवर्स के नाम से जाना जाता है। अब इस यूनिवर्स को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है, जिसके तहत उन्होंने इस यूनिवर्स की आखिरी फिल्म को लेकर भी जानकारी दी है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, लोकेश ने अपने सिनेमैटिक यूनिवर्स को लेकर बताया कि इस यूनिवर्स में सबसे पहले वो कैथी 2 को लाने वाले हैं। उन्होंने कहा, मैंने कैथी 2 लिखना समाप्त कर दिया है, और मेरी पूरी टीम उत्साहित है। जब कैथी 2 की बात आती है, तो यह मेरे लिए होम ग्राउंड जैसा है। यह सब कैथी से शुरू हुआ। मैं डिल्ली के किरदार को वापस लाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरे नायकों के पास कोई सुपरपॉवर नहीं है। वे सामान्य इंसान हैं, जो अपने परिवार को बचाने के लिए दुश्मनों से लड़ते हैं। वे भावनात्मक रूप से कोमल हैं और नशा मुक्त समाज हासिल करना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने कंगुवा अभिनेता सूर्या के लोकप्रिय किरदार रोलेक्स के ऊपर भी एक फिल्म बनाने की चाहत जाहिर की है। उन्होंने अपने सिनेमैटिक यूनिवर्स के भविष्य को लेकर कहा, मैं कैथी 2 पर आगे काम करूंगा। मैं रोलेक्स पर भी एक अलग फिल्म बनाना चाहता हूं, फिर मैं विक्रम 2 के साथ इस यूनिवर्स को समाप्त करना चाहता हूं। अगर विजय सर ने अपनी रिटायरमेंट की घोषणा नहीं की होती, तो मैं लियो 2 भी बना लेता।

## कुछ नया देने की होती है कोशिश

लोकेश ने आगे कहा, मैं चाहता हूं कि मेरी व्यावसायिक फिल्मों में कुछ न कुछ नया हो। जब नायक फिल्मों में नशा मुक्त समाज लाने की कोशिश करते हैं, तो इस बात की बहुत संभावना होती है कि यह युवा दर्शकों को प्रभावित करे, जो उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। उन्होंने अपनी फिल्मों के सभी किरदारों को लेकर कहा कि अब उनके पास सभी किरदार तैयार हैं और उन्हें बस सभी के बिंदुओं को जोड़ने की जरूरत है।

## कुली पर कर रहे हैं काम

लोकेश कनगराज अब भारतीय सिनेमा में एक ब्रांड बन चुके हैं। अब वो एक लघु फिल्म बना रहे हैं, जिसमें उन घटनाओं पर प्रकाश डाला जाएगा, जिनके कारण एलसीयू यानी लोकेश कनगराज सिनेमैटिक यूनिवर्स की उत्पत्ति हुई है। इसके अलावा वो वर्तमान में रजनीकांत की कुली पर काम कर रहे हैं, जो उनकी यूनिवर्स से बाहर की एक अलग फिल्म है। इस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# हुमा कुरैशी ने ठुकराई दो बड़ी फिल्में, कम सैलरी और साथी अभिनेता के कम अनुभव को बताई वजह



अपनी अद्भुत अभिनय के लिए मशहूर हुमा कुरैशी ने हाल ही में दो मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म को अस्वीकार करने के पीछे का कारण का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि इन फिल्मों के लिए उन्हें उच्च वेतन की पेशकश नहीं की गई थी। इसके साथ ही इन फिल्मों में उनके साथ काम करने वाले दूसरे अभिनेताओं में अनुभव की कमी के कारण उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया। उन्होंने बताया कि अगर कोई अभिनेता अपने सोशल मीडिया फॉलोइंग के कारण लोकप्रिय माना जाता है, इसका यह मतलब नहीं कि उसके शो या फिल्मों को दर्शक पसंद करेंगे। एक मीडिया साक्षात्कार में हुमा कुरैशी ने दो नई फिल्मों को न कहने के पीछे के कारणों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि ईमानदारी महत्वपूर्ण है। अन्य अभिनेताओं की लोकप्रियता के बावजूद उन्हें लगता है कि स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उनका अनुभव अन्य अभिनेताओं के अनुभव से मेल नहीं खाता है। उन्होंने कहा, बिना नाम बताए, मुझे दो लीड फिल्मों की पेशकश की गई थी। मैंने उसे स्वीकार नहीं किया, क्योंकि इसमें शामिल अन्य मशहूर अभिनेताओं के पास स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म का मेरे जितना अनुभव नहीं था। हुमा ने स्पष्ट किया कि वह फिल्मों में काम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन तभी जब फिल्मों में अन्य अभिनेताओं की तरह उनके किरदार को भी समान महत्व दिया जाए। उन्होंने आगे कहा कि करियर के इस स्तर पर उन्हें नहीं लगता कि कोई समझौता करने की जरूरत है। टीम ने उन्हें आश्वासन दिया कि यह दो मुख्य भूमिका वाली फिल्म है, हुमा ने स्पष्ट किया कि एक वरिष्ठ अभिनेता के रूप में उन्हें उच्च वेतन की उम्मीद है। जब टीम के साथ कोई समझौता नहीं हुआ तब उन्होंने दोनों फिल्मों को करने से इनकार कर दिया। जॉली एलएलबी 2 की अभिनेत्री ने कहा, उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि दोनों मुख्य भूमिका वाली फिल्में हैं, लेकिन एक वरिष्ठ अभिनेत्री के तौर पर मैंने उच्च वेतन की मांग की थी। हमारे बीच बात नहीं बनी और मैंने काम करने से इनकार कर दिया।



# दुलकर सलमान के फैंस लंबा नहीं होगा इंतजार, लकी भास्कर के बाद ये प्रोजेक्ट्स हैं कतार में

दुलकर सलमान मलयालम फिल्मों के बड़े सुपरस्टार हैं। उन्हें तमिल और तेलुगु दर्शकों द्वारा भी काफी पसंद किया जाता है। हाल में ही उनकी फिल्म लकी भास्कर रिलीज हुई है। इस फिल्म के लिए उन्हें काफी सराहना भी मिली है। इस फिल्म के लिए अभिनेता ने खुद तमिल डबिंग भी की थी। उन्हें उनके शानदार अभिनय के लिए काफी ज्यादा प्यार मिलता है। अभिनेता के फैंस के लिए खुशी की बात है कि लकी भास्कर के बाद भी अभिनेता को देखने के लिए उन्हें लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अभिनेता के कई आगामी प्रोजेक्ट्स इस वक्त कतार में हैं, जिनमें फिल्में तथा वेब सीरीज भी शामिल हैं।

### आकाशम लो ओका तारा

दुलकर सलमान जल्द ही अपने आगामी तेलुगु प्रोजेक्ट आकाशम लो ओका तारा में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में दुलकर सलमान मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। कथित तौर पर साई पल्लवी से फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए बातचीत चल रही है। पवन सादिनेनी द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म के अगले साल 2025 तक रिलीज होने की उम्मीद है। दुलकर सलमान और साई पल्लवी ने इससे पहले 2016 में रिलीज हुई रोमांटिक थ्रिलर फिल्म काली में भी स्क्रीन साझा किया था।

### सूर्या 43

निर्देशक सुधा कोंगारा और तमिल सुपरस्टार सूर्या की इस आगामी फिल्म में दुलकर सलमान भी नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का नाम अस्थायी रूप से सूर्या 43 रखा गया है। अब तक, निर्माताओं ने फिल्म के आधिकारिक शीर्षक को गुप्त रखा है। इस फिल्म में सूर्या और दुलकर सलमान के अलावा नाजरिया फहाद और विजय वर्मा भी नजर आने वाले हैं। फिल्म की रिलीज को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

### गन्स एंड गुलाब्स सीजन 2

पिछले साल फिल्म निर्माता जोड़ी राज और डीके कॉमेडी क्राइम थ्रिलर, गन्स एंड गुलाब्स लेकर आए थे। इस वेब सीरीज में दुलकर सलमान, राजकुमार राव, आदर्श गौरव, गुलशन देवैया, पूजा गौर, श्रेया धनवंतरी, सतीश कौशिक आदि कलाकार नजर आए थे। पहले सीजन की सफलता के बाद, निर्माताओं ने गन्स एंड गुलाब्स सीजन 2 की घोषणा कर दी है। इस सीरीज के दूसरे सीजन में भी दुलकर सलमान वापस से नजर आने वाले हैं।

### कांथा

दुलकर सलमान और राणा दग्गुबाती फिल्म कांथा में साथ नजर आने वाले हैं। दोनों सितारे ने जल्द ही सेल्वमनी सेल्वराज निर्देशित फिल्म में साथ दिखेंगे। दोनों ही कलाकार इस फिल्म का सह-निर्माण भी कर रहे हैं। कांथा 1950 के दशक की मद्रास में स्थित है। फिल्म में इतिहास और तत्कालीन सामाजिक परिवर्तन के साथ-साथ मानवीय रिश्तों की जटिलताओं को दिखाया जाएगा।

# पिछली कुछ फिल्मों की असफलता पर बोलीं सामंथा



सामंथा रुथ प्रभु साउथ की मशहूर अभिनेत्री हैं, जो हिंदी वेब सीरीज में भी नजर आ चुकी। वह इन दिनों अपनी एक और हिंदी वेब सीरीज सिटाडेल हनी बन्नी को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने अपनी पिछली कुछ फिल्मों की असफलताओं पर बात की है। इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनीथिंग सेशन के दौरान, सामंथा ने कुछ निराशाओं का सामना करने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा, मैं मानती हूं कि मैंने अतीत में कुछ गलतियां की हैं, चीजें वास्तव में काम नहीं आईं और मैं असफलता को स्वीकार करती हूं। उन्होंने आगे कहा, मैं स्वीकार करती हूं कि पिछली कुछ फिल्मों में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया होगा।